PUBLICATION NAME :	Rajasthan Patrika
EDITION :	Ahmedabad
DATE :	26/07/24
PAGE :	2

उद्यमिता जागरुकता प्रोग्राम का समापन

महिलाओं को सशक्त बनाने से ही समाज होगा सशक्त: संघवी

ईडीआईआई में आयोजित समारोह में उपस्थित गुजरात के गृह राज्यमंत्री हर्ष संघवी, राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा व संस्थान के महानिदेशक डॉ.सुनील शुक्ला।

गांधीनगर@पत्रिका. देश के विकास के लिए महिला उद्यमियों के लिए अनुकूल माहौल बनाना जरूरी है। महिलाओं को सशक्त बनाने से न सिर्फ समाज सशक्त बनता है बल्कि देश का विकास भी होता है। गुजरात सरकार ने महिला उद्यमिता के महत्व पर जोर दिया है।

यह बात गुजरात के गृह राज्यमंत्री हर्ष संघवी ने गुरुवार को भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) -अहमदाबाद की ओर से आयोजित 100 'उद्यमिता जागरुकता प्रोग्रामों' के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि सरकार भारत में महिला-उन्मुख विकास एजेंडा को बढ़ावा देने के प्रयास में महिला नेतृत्व और सशक्तीकरण को प्रोत्साहित कर रही है। ऐसे में भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान और राष्ट्रीय महिला आयोग के बीच साझेदारी महिला उद्यमियों की क्षमता निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, जो उन्हें अनुकूल वातावरण प्रदान कर सफलता हासिल करने में सक्षम बनाएगी।

राष्ट्रीय महिला आयोग की चेयरपर्सन रेखा शर्मा ने विश्वास जताते हुए कहा कि आने वाले समय में महिलाएं सफल उद्यमी के रूप में आगे बढ़ेंगी और अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेंगी। इस यात्रा में भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान से मिला सहयोग बेहद कारगर साबित हुआ है।

भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान के महानिदेशक डॉ सुनील शुक्ला ने कहा कि महिला उद्यमिता जागरूकता एवं विकास प्रोग्रामों के माध्यम से महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए संस्थान प्रतिबद्ध रहा है। खुशी है कि भावी महिला उद्यमियों को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग के साथ साझेदारी का मौका मिला है। संस्थान ने इन 100 प्रोग्रामों के माध्यम से देश के 35 राज्यों-केन्द्र शासित प्रदेशों में 5796 महिलाओं को उद्यमिता की अहमियत से रूबरू कराते हुए इस क्षेत्र में आने के लिए उन्हें प्रेरित किया है। इसमें कईयों ने आगे कदम भी बढ़ाए हैं। प्रोजेक्ट को-ऑर्डिनेटर डॉ. बैशाली मित्रा ने धन्यवाद व्यक्त किया।